## Review of the Annual Administrative Report of the Higher Education Department for the year 2016-17

The Haryana State has witnessed manifold increase in the field of Higher Education, quantitatively as well as qualitatively since 1st November, 1966. The graph of expansion of Higher Education kept moving upward during 2016-17 also. The institutional capacity of the state has increased, which has facilitated expansion of education especially in rural areas. The state Higher Education has become hi-tech and is reaping the benefits of advanced technology.

During 2016-17, a total amount of Rs. 1,36,969.00 lacs was spent on Higher Education, Rs. 85,791.62 lacs on non-plan side, Rs. 51,177.38 lacs on plan side was spent. Seven State Universities namely M.D.U. Rohtak, K.U. Kurukshetra, C.D.L.U. Sirsa, B.P.S M.V. Khanpur Kalan, Sonepat, Indira Gandhi University, Meerpur, Rewari, Chaudhary Ranbir Singh University, Jind, Chaudhary Bansi Lal University, Bhiwani have been providing higher education in the state.

During 2016-17, 207 colleges and 7 State Universities imparted education to 5,11,568 students and these were served by 6,142 Assistant Professor / Associate Professors / Professors.

Stipends were provided to students belonging to S.C. category and weaker sections of the society. Various schemes are also being run to provide financial help to meritorious students and brilliants students so that these students can complete their education. During the year 2016-17 an amount of Rs. 1,17,52,83,000/- was spent amongst 1,18,328 students under various scholarship Schemes.

During reporting period i.e. 2016-17, there was provision of Rs. 130.00 lacs for the 'Earn while you learn' Scheme.

Under various Human Resource Development Schemes, seminars, refresher courses and orientation courses were sponsored by the department in different colleges. The budget allotted for the scheme "Human Resource Development" was Rs.100.00 lacs.

N.C.C. and N.S.S. programmers are being run in the state with the aim of bringing all round development of N.C.C. cadets/ N.S.S volunteers. An amount of Rs. 16,52,10,000/- was allotted for the N.S.S.Units. The enrolled strength of N.S.S. volunteers was 1,05,100 and a total budget of Rs 2,63,86,250/- was provided for conducting N.S.S. programmes in the State.

Total of 27 Libraries functioned at the State, District and Sub division level in the State in 2016-17. One Central State Library, 19 District Library and 7 Sub divisional Libraries disseminated knowledge and inculcated the reading habits in general public. A sum of Rs. 75.00 lacs were spent for book, furniture etc. of these Library. Besides, to strengthen the services of Libraries in 110 Govt. Colleges, a sum of Rs. 250.00 lacs was allotted.

Sh. Ram Bilas Sharma has been the Education Minister during 2016-17. In the said period, Sh. Vijay Vardhan, IAS, Additional Chief Secretary and Dr. Mahavir Singh, IAS, Principal Secretary Higher Education held the office of Principal Secretary to Government of Haryana, Higher Education Department. During the reporting period, Sh.Vikas Yadav IAS, Mohammed Shayin, IAS and A. Shreenivas, IAS held the office of Director Higher Education, Haryana from time to time.

Jyoti Arora
**(Jyoti Arora)**
Additional Chief Secretary
to Government Haryana,
Higher Education Department, Chandigarh

Place : Chandigarh
Dated: 28.08.2018

# उच्चतर शिक्षा विभाग की वर्ष 2016–2017 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट की समीक्षा

प्रथम नवम्बर, 1966 को हरियाणा राज्य के अस्तित्व में आने के पश्चात् शिक्षा का गुणात्मक तथा परिमाणात्मक रूप में कई गुणा विस्तार हुआ है। विस्तार का यह ग्राफ वर्ष 2016–17 में भी बढ़ता रहा। राज्य में शिक्षा की संस्थात्मक क्षमता की वृद्धि हुई, जिससे शिक्षा का विस्तार विशेषतः ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ। राज्य उच्च तकनीक अपना कर उत्कृष्ट तकनीकी का पूरा लाभ उठा रहा है ।

वर्ष 2016–2017, में उच्चतर शिक्षा पर कुल 1,36,969.00/–लाख रूपये की राशि व्यय की गई, इसमें योजनेत्तर पक्ष पर 85,791.62/– लाख रूपये, योजना पक्ष पर 51,177.38/– लाख रूपये व्यय हुए। राज्य में सात विश्वविद्यालय महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र, चौ0 देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा, भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां, सोनीपत, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर, रेवाड़ी, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जीन्द, और चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी उच्च शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

वर्ष 2016–2017 में 207 महाविद्यालय एवं 7 विश्वविद्यालयों में लगभग 5,11,568 छात्रों को शिक्षा प्रदान की गई तथा इनमें 6,142 प्रोफैसर/ सह– प्राध्यापकों/सहायक–प्राध्यापकों ने शिक्षा प्रदान की ।

अनुसूचित जातियों तथा समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। मेधावी तथा मैरिट में आने वाले विद्यार्थियों के लिए भी विभिन्न योजनायें हरियाणा सरकार द्वारा राज्य भर में चलाई जा रही है ताकि ये विद्यार्थी अपनी शिक्षा पूरी कर सके। वर्ष 2016–17 में विभिन्न स्कीमों के अर्न्तगत 1,17,52,83,000/–रु0 की राशि खर्च हुई तथा इससे कुल 1,18,328 छात्र/छात्रायें लाभान्वित हुए।

वर्ष 2016-17 की रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान "कमायें, जब आप शिक्षा पायें" योजना के अन्तर्गत 130.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान था।

मानव संसाधन विकास योजना के अन्तर्गत विभाग द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों में सैमिनार, रिफ्रेशर कोर्स एवमं ओरिऐंटेशन कोर्सिस आयोजित किए गए। इस स्कीम के लिए 100.00 लाख रू0 की राशि का प्रावधान था।

राज्य में विद्यार्थी कैडेट्स/स्वयं सेवकों के चहुंमुखी विकास लाने के उद्देश्य से एन0सी0सी0/ एन0एस0एस0 कार्यक्रम चलाए गए हैं। इन एन0सी0सी0 यूनिट् के लिए 16,52,10000 की राशि का प्रावधान था। एन0एस0एस0 सेवकों की पंजीकृत संख्या 1,05,100 थी तथा एन0 एस0 एस0 कार्यक्रमों के संचालन लिए 2,63,86,250/–रु0 की राशि स्वीकृत की गई थी ।

राज्य, जिला और सब–डिविजन स्तर पर कुल 27 पुस्तकालय कार्य कर रहे थे । आम जनता में पढ़ने की आदत डालने एवं ज्ञान बढ़ाने के लिए एक केन्द्रीय राज्य पुस्तकालय, 19 जिला पुस्तकालय एवमं 7 सब–डिविजनल पुस्तकालय कार्य कर रहे थे। इन पुस्तकालयों में किताबों फर्नीचर इत्यादि के लिए 75.00 लाख रुपयें की राशि खर्च की गई । इसके अतिरिक्त पुस्तकालयों की सेवाओं को मजबूत बनानें के लिए 110 राजकीय महाविद्यालयों में 250.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान किया गया था।

वर्ष 2016–2017 के दौरान श्री राम विलास शर्मा शिक्षा मंत्री रहे है। इस दौरान श्री विजय वर्धन आई0 ए0 एस0 अतिरिक्त मुख्य सचिव एंव डा0 महावीर सिंह प्रधान सचिव हरियाणा सरकार, उच्चतर शिक्षा के पद पर रहे। इस अवधि में श्री विकास यादव आई0 ए0 एस0, मोहम्मद साईन आई0 ए0 एस0 और ए. श्रीनिवास आई0ए0एस0 ने निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा के पद पर कार्य किया।

ज्योति अरोरा

(ज्योति अरोरा)
अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार,
उच्चतर शिक्षा विभाग, चण्डीगढ़

स्थान : चण्डीगढ़,
दिनांक : 28.08.2018

# उच्चतर शिक्षा विभाग की वर्ष 2016–2017 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट

## अध्याय : प्रथम

## प्रशासन एवं संगठन :

**(क) सचिवालय स्तर परः–** वर्ष 2016–2017 में श्री राम बिलास शर्मा ने शिक्षा मन्त्री के रूप में कार्य किया। रिपोर्टाधीन अवधि में श्री विजय वर्धन एंव डा० महावीर सिंह ने शिक्षा विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्चतर शिक्षा के पद पर कार्य किया।

**(ख) निदेशालय स्तर परः–** श्री विकास यादव, श्री मोहम्मद शाईन और श्री ए0 श्रीनिवास आई0ए0एस0 ने महानिदेशक उच्चतर शिक्षा के पद पर कार्य किया।

निम्नलिखित पदों पर अन्य अधिकारियों ने कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए उच्चतर शिक्षा आयुक्त को सहयोग दिया।

| कमांक | पद | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अतिरिक्त निदेशक/प्रशासन संयुक्त निदेशक, प्रशासन | 1 |
| 2. | संयुक्त निदेशक | 2 |
| 3. | उप–निदेशक | 3 |
| 4. | उप–निदेशक कैडेट कोर्पस | 1 |
| 5. | जिला न्यायवादी | 1 |
| 6. | सहायक निदेशक ( मिनिस्ट्रियल केडर ) | 2 |
| 7. | मुख्य लेखा अधिकारी | 1 |
| 8. | लेखा अधिकारी | 2 |
| 9 | रजिस्ट्रार शिक्षा | 1 |
| 10 | बजट अधिकारी | 1 |
| 11. | सहायक जिला न्यायवादी | 1 |
| 12. | अधीक्षक | 10 |

### महाविद्यालय

राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य प्रत्यक्ष रूप में सुचारू रूप से प्रशासन चलाने तथा उच्चतर शिक्षा के विकास के लिए निदेशालय उच्चतर शिक्षा के प्रति उत्तरदायी हैं तथा गैर सरकारी महाविद्यालयों का प्रशासन उनकी अपनी–अपनी प्रबन्धक समितियां ही चलाती हैं। राज्य में स्थित सभी महाविद्यालय सम्बन्धित विश्वविद्यालयों की शिक्षा नीति को कार्यांवित हैं।

## शिक्षा पर व्यय

वर्ष 2016–2017 में उच्चतर शिक्षा के लिए 164952.36 लाख रुपये की वित्त व्यवस्था की गई, जिसमें से कुल 136969.00 लाख रुपये की राशि व्यय की गई है। इसमें योजनेत्तर पक्ष पर 85791.62 लाख रुपये, योजना पक्ष पर 51177.38 लाख रुपये व्यय हुए हैं।

## विश्वविद्यालय तथा पोस्ट–ग्रेजूएट रीजनल सैन्टर

1. सभी विश्वविद्यालयों में Online admission with Aadhar enabled हेतू VC को लिखा जा चुका है।
2. कांकरौला जिला गुरुग्राम में गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम" की स्थापना हो चुकी है व मुन्दड़ी में सरकारी विश्वविद्यालय खोलने हेतू मामला सरकार के विचाराधीन है।
3. स्टारैक्स निजी विश्वविद्यालय, बिनौला, जिला गुरुग्राम की दिनांक 25.05.2016 को स्थापना हो चुकी है।

रिपोर्टाधीन अवधि में राज्य में शिक्षण तथा सामान्य शिक्षा प्रदान करने वाले महाविद्यालयों की संख्या निम्न प्रकार रही :–

| क्रमांक | संस्था का नाम | लड़के | लड़कियां | जोड़ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय | 7 | 1 | 8 |
| 2. | केन्द्रीय विश्वविद्यालय | 1 | 0 | 1 |
| 3. | निजी विश्वविद्यालय | 20 | 0 | 20 |
| 4. | डीम्ड विश्वविद्यालय | 3 | 0 | 3 |
| 5. | राजकीय महाविद्यालय | 78 | 32 | 110 |
| 6. | राजकीय सहायता प्राप्त अराजकीय महाविद्यालय | 60 | 37 | 97 |
| 7. | अराजकीय गैर–सहायता प्राप्त महाविद्यालय | 53 | 30 | 83 |
| 8 | अराजकीय लॉ महाविद्यालय | 16 | 0 | 16 |
| 9. | अराजकीय गैर–सहायता प्राप्त शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय | 1 | 0 | 1 |
| 10. | अराजकीय गैर–सहायता प्राप्त शिक्षण महाविद्यालय | 441 | 34 | 475 |
| | कुल | 680 | 134 | 814 |

राज्य में विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में वर्ष 2016–2017 की अवधि में पढ़ने वाले छात्र/छात्राओं की संख्या निम्न प्रकार रही:–

'क' कुल छात्र संख्या

| संस्था | लड़के | लड़कियां | जोड़ |
|---|---|---|---|
| विश्वविद्यालय | 15774 | 17483 | 33257 |
| राजकीय महाविद्यालय | 84823 | 97827 | 182650 |
| राजकीय सहायता प्राप्त अराजकीय महाविद्यालय | 80373 | 102049 | 182422 |
| जोड़ : | **180970** | **217359** | **398329** |
| दूरवर्ती शिक्षा | **57555** | **55684** | **113239** |
| कुल छात्र संख्या | **238525** | **273043** | **511568** |

'1' छात्र संख्या विवरण

| | कुल छात्र संख्या | | | अनुसूचित जाति के छात्रों की संख्या | | | पिछड़ी जाति के छात्रों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संस्था | लड़के | लड़कियां | जोड़ | लड़के | लड़कियां | जोड़ | लड़के | लड़कियां | जोड़ |
| विश्वविद्यालय | 15774 | 17483 | 33257 | 2315 | 1986 | 4301 | 2527 | 2503 | 5030 |
| राजकीय महाविद्यालय | 84823 | 97827 | 182650 | 19962 | 19940 | 39902 | 30640 | 34006 | 64646 |
| राजकीय सहायता प्राप्त अराजकीय महाविद्यालय | 80373 | 102049 | 182422 | 9140 | 11649 | 20789 | 18594 | 24979 | 43573 |
| जोड़ : | 180970 | 217359 | 398329 | 31417 | 33575 | 64992 | 51761 | 61488 | 113249 |

**'2' Number of students enrolled through distance education**

| विश्वविद्यालय का नाम | लड़के | लड़कियां | जोड |
|---|---|---|---|
| कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र | 15297 | 6393 | 21690 |
| महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक | 41061 | 48402 | 89463 |
| चौ0 देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा | 1197 | 889 | 2086 |
| जोड़ : | **57555** | **55684** | **113239** |

'ख' राजकीय एंव अराजकीय महाविद्यालयों में संकाय अनुसार छात्र संख्या

| पाठयक्रम | लड़के | लड़कियां | जोड़ |
|---|---|---|---|
| विज्ञान संकाय | 34793 | 43389 | 78182 |
| वाणिज्य संकाय | 33798 | 51484 | 85282 |
| कला संकाय | 80347 | 88175 | 168522 |
| अन्य | 13811 | 13336 | 27147 |
| जोड़ : | **162749** | **196384** | **359133** |

ग) विश्वविद्यालयों में छात्र संख्या

'1' विश्वविद्यालयों में संकाय अनुसार लड़को की संख्या

| विश्वविद्यालय | कला | वाणिज्य | विज्ञान | अन्य | कुल लड़के |
|---|---|---|---|---|---|
| कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र | 965 | 54 | 679 | 4496 | 6194 |
| महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक | 835 | 264 | 870 | 3501 | 5470 |
| भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| चौ0 देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा | 179 | 13 | 182 | 360 | 734 |
| इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी | 111 | 150 | 158 | 710 | 1129 |
| चौ0 बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी, | 48 | 6 | 42 | 50 | 146 |
| चौ0 रणबीर सिंह विश्वविद्यालय,जीन्द | 289 | 30 | 45 | 246 | 610 |
| जोड़ : | **2427** | **517** | **1976** | **9363** | **14283** |

'2' विश्वविद्यालयों में संकाय अनुसार लड़कियों की संख्या

| विश्वविद्यालय | कला संकाय | वाणिज्य संकाय | विज्ञान संकाय | अन्य | कुल लड़के |
|---|---|---|---|---|---|
| कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र | 238 | 195 | 1775 | 2511 | 4719 |
| महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक | 797 | 110 | 685 | 3593 | 5185 |
| भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां | 1425 | 309 | 692 | 2119 | 4545 |
| चौ0 देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा | 97 | 45 | 427 | 320 | 889 |
| इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी | 486 | 220 | 421 | 211 | 1338 |
| चौ0 बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी, | 112 | 34 | 124 | 63 | 333 |
| चौ0 रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द | 252 | 115 | 179 | 186 | 732 |
| जोड़ : | **3407** | **1028** | **4303** | **9003** | **17741** |

'3' विश्वविद्यालयों में संकाय अनुसार छात्र संख्या

| विश्वविद्यालय | कला संकाय | वाणिज्य संकाय | विज्ञान संकाय | अन्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| लड़के | 2427 | 517 | 2679 | 9363 | 14986 |
| लड़कियां | 3407 | 1028 | 4303 | 9003 | 17741 |
| जोड़ | 5834 | 1545 | 6982 | 18366 | 32727 |

'4' कुल छात्र संख्या

| | विश्वविद्यालय | Boys | Girls | Total | SC Boys | SC Girls | Total SC | BC Boys | BC Girls | Total BC |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र | 6194 | 5223 | 11417 | 951 | 691 | 1642 | 1260 | 1023 | 2283 |
| 2 | महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक | 6936 | 4134 | 11070 | 867 | 407 | 1274 | 949 | 535 | 1484 |
| 3 | भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय,खानपुर कलां | 0 | 4813 | 4813 | 0 | 413 | 413 | 0 | 777 | 777 |
| 4 | चौ0 देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा | 748 | 899 | 1647 | 137 | 113 | 250 | 140 | 182 | 322 |
| 5 | इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी | 1129 | 1338 | 2467 | 212 | 212 | 424 | 583 | 774 | 1357 |
| 6 | चौ0 बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी, | 157 | 316 | 473 | 49 | 61 | 110 | 45 | 85 | 130 |
| 7 | चौ0 रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द | 610 | 760 | 1370 | 99 | 89 | 188 | 84 | 131 | 215 |
| | जोड़ : | **15774** | **17483** | **33257** | **2315** | **1986** | **4301** | **3061** | **3507** | **6568** |

(5) विश्वविद्यालयों में बी. एड की छात्र संख्या

| विश्वविद्यालय | कुल छात्र संख्या | | |
|---|---|---|---|
| | Boys | Girls | Total |
| चौ0 रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द | 12900 | 32018 | 44918 |

रिपोर्टाधीन अवधि मे महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की संख्या निम्न प्रकार थीः—

'घ' कुल प्राध्यापकों की संख्या

| | कुल प्राध्यापक | | | अनुसूचित जाति के प्राध्यापक | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| संस्था | पुरूष | महिला | जोड़ | पुरूष | महिला | जोड़ |
| विश्वविद्यालय | 549 | 372 | 921 | 55 | 24 | 79 |
| राजकीय महाविद्यालय | 1152 | 1086 | 2238 | 217 | 123 | 340 |
| राजकीय सहायता प्राप्त अराजकीय महाविद्यालय | 923 | 2060 | 2983 | 85 | 112 | 197 |
| जोड़ : | **2624** | **3518** | **6142** | **357** | **259** | **616** |

'ड' विश्वविद्यालयों में प्राध्यापकों की संख्या

| | विश्वविद्यालय | Male | Female | Total | SC Male | SC Female | Total SC | BC Male | BC Female | Total BC |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र | 229 | 105 | 334 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक | 155 | 133 | 288 | 31 | 16 | 47 | 3 | 3 | 6 |
| 3 | भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय,खानपुर कलां | 60 | 77 | 137 | 8 | 3 | 11 | 5 | 2 | 7 |
| 4 | चौ0 देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा | 45 | 18 | 63 | 4 | 1 | 5 | 1 | 0 | 1 |
| 5 | इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी | 24 | 10 | 34 | 6 | 0 | 6 | 0 | 1 | 1 |
| 6 | चौ0 बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी, | 6 | 4 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | चौ0 रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द | 30 | 25 | 55 | 6 | 4 | 10 | 7 | 0 | 7 |
| | जोड़ : | **549** | **372** | **921** | **55** | **24** | **79** | **16** | **6** | **22** |

## अराजकीय महाविद्यालय

1. वर्तमान समय में राज्य में कुल 97 अराजकीय सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालय स्थित है, 83 स्ववित पोषित निजि महाविद्यालय, 16 लॉ महाविद्यालय, 1 फिजिकल और स्पोर्ट महाविद्यालय तथा 475 शिक्षण महाविद्यालय स्थित हैं।
2. वित्त वर्ष 2016–17 में अराजकीय सहायता प्राप्त डिग्री निजी महाविद्यालयों के स्टाफ को वेतन आदि के भुगतान के लिए 355 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

## राजकीय महाविद्यालय

1. राजकीय महाविद्यालयों मे कार्यरत 99 सहायक प्रोफेसरों को वरिष्ठ वेतनमान, 179 सहायक प्रोफेसरों को प्रवरण वेतनमान एवं 67 सहायक प्रोफेसरों को पे–बैन्ड–4 वेतनमान करने बारे मामले अनुमोदित किये है।
2. यू0 जी0 सी0 स्कीम के 12वी0 प्लान में राजकीय महाविद्यालयों मे कार्यरत 5 सहायक / एसोसिएट प्रोफेसर को टीचर फेलोशिप प्रदान की गई है।
3. राजकीय महाविद्यालयों मे कार्यरत लगभग 170 सहायक / एसोसिएट प्रोफेसरों को 50 / 55 वर्ष की आयु उपरान्त सेवावृद्धि प्रदान की गई है।

## अराजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय

वर्ष 2016–17 में न्यू सलैक्शन क्राईटेरिया दिनांक 14.03.2017 जारी किया गया है एंव उसी अनुसार भर्ती प्रकिया जारी की गई है।

# अध्याय : द्वितीय

## उच्चतर शिक्षा (सामान्य)

### शिक्षण महाविद्यालय

राज्य में अध्यापक प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था है इस समय राज्य में 475 स्ववित पोषित शिक्षण महाविद्यालय चल रहे है, इनमें से 34 महिला शिक्षण महाविद्यालय है।

### सह–शिक्षा

हरियाणा राज्य में लड़कों के सभी महाविद्यालयों में लडकियों को भी पढ़ने की अनुमति है।

### राजकीय महाविद्यालयों में प्लेसमैंट सैल स्थापित करने बारे।

यह स्कीम वर्ष 2005–06 में शुरु की गई थी तथा इस स्कीम के अन्र्तगत सभी राजकीय महाविद्यालयों में प्राचार्य तथा वरिष्ठ प्राध्यापकों की कमेटी की देखरेख में प्लेसमैंट सैल की स्थापना की गई है।

वर्ष 2016–17 में इस उद्देश्य के लिए 88 राजकीय महाविद्यालयों में 70 लाख रुपए वितरित किए गए थे। राज्य के इतिहास में राजकीय महाविद्यालयों के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए वर्ष 2010–11 से सरकार द्वारा प्रायोजित चार प्लेसमैंट मेले लगाए जा रहे है।

### आनलाईन दाखिले

विभाग द्वारा पहली बार सभी राजकीय महाविद्यालयों में आनलाईन दाखिले आरम्भ किए गए है। राज्य के सभी राजकीय महाविद्यालयों में विभिन्न पाठयक्रमों में 2.98 लाख विद्यार्थियों ने यू. जी/ पी. जी. कोर्सिस में आनलाईन आवेदन किया।

### आई. टी. स्कीम

आई. टी. स्कीम के अंर्तगत वर्ष 2016–17 में 175.00 लाख रुपये की राशि का प्लान पक्ष में बजट का प्रावधान करवाया गया था, इस स्कीम का उद्देश्य मुख्यालय स्तर से क्षेत्रीय स्तर तक संचार व्यवस्था के माध्यम से कार्य शैली में तेज गति लाने से है। इस स्कीम के अंर्तगत 88 राजकीय महाविद्यालयों में कम्पयूटरीकृत प्रयोगशाला स्थापित की गई है, जो कि आधुनिक शिक्षा के लिए अति आवश्यक है। इसके अतिरिक्त भिन्न–2 महाविद्यालय में कम्पयूटर की खरीद करने तथा उनका रख– रखाव करने पर राशि खर्च की जाती हैं। इसके अतिरिक्त इस स्कीम के मुख्यालय स्तर पर कार्यरत डाटा एन्ट्री आपरेटर्स की सैलरी भी प्रदान की जाती है एवं मुख्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर राजकीय महाविद्यालयों में आई. टी. उपकरणों की खरीद इत्यादि की जाती है।

## अध्याय : तृतीय

## छात्रवृत्ति स्कीमें

हरियाणा सरकार सदैव विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा की ओर आकर्षित करने के लिए प्रयासरत रही है। मेधावी, अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग तथा अनुसूचित कबीलों से संबंधित छात्रों के लिए कई प्रकार की छात्रवृत्ति तथा आर्थिक सहायता प्रदान करने संबंधित योजनाएं हरियाणा सरकार द्वारा राज्य भर में चलाई जा रही है ताकि ये विद्यार्थी अपनी शिक्षा संपूर्ण कर सके। अप्रैल 2016 से मार्च 2017 तक विभिन्न परियोजनाओ के तहत अलग–2 श्रेणियों के विद्यार्थियों की एक बड़ी संख्या को उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा लाभान्वित किया गया है। जैसे अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए कल्याणकारी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 15263 अनुसूचित जाति के छात्रो को, पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 14523 विद्यार्थियों को, राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के छात्रों के कल्याण हेतु चलाई गई संकलित स्टाईफन्ड योजना के तहत राजकीय महाविद्यालयों 41382 छात्रों को, छात्रवृत्ति प्रदान की गई तथा स्नातक स्तर पर मेधावी छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना के तहत राजकीय महाविद्यालयों की 1755 छात्राओं को, हरियाणा राज्य मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत राजकीय महाविद्यालयों के 2500 छात्र/छात्राओं को, सीबीएसई परीक्षा में मैरिट अनुसार 8 विद्यार्थियों को तथा स्वतंत्रता सेनानियों के पोते/पोतियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजना के तहत 395 छात्र/छात्राओ को लाभ हुआ। हरियाणा स्टेट मैरिट स्कीम के तहत 1192 छात्र/छात्राएं व अल्प आय वर्ग स्कीम के लिए 24 छात्र/छात्राएं लाभान्वित हुए। इस प्रकार छात्रवृत्ति के वर्ष 2016–17 में विभिन्न स्कीमों के अन्तर्गत 1,17,52,83,000/– रुपये की राशि छात्रवृत्ति पर खर्च हुई तथा इससे कुल 1,18,328 छात्र/छात्राएं लाभान्वित हुये।

## अध्याय : चतुर्थ

## विभिन्न स्कीमें :

### 1. छात्राओं की अधिकारिता:–

छात्राओं की अधिकारिता तथा उनकी प्रतिभा के विकास के उद्देश्य से वर्ष 2005–06 में यह स्कीम आरम्भ की गई थी। इस स्कीम के तहत छात्राओं को लिंग भेद से सम्बन्धित मुद्दों के बारे जागरुक बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के संचालन हेतु राज्य के सभी राजकीय महाविद्यालयों में महिला प्रकोष्ठ की स्थापना की गई थी। वर्ष 2016–17 में इस स्कीम के अर्न्तगत 100.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान था ।

### 2. मानव संसाधन विकास:–

वर्ष 2005–06 में अध्यापक एंव सहायक स्टाफ हेतु यह स्कीम बनाई गई थी। यह स्कीम मुख्यतः उन कर्मचारियों के लिए बनाई गई जिन्होने सैमीनार / कान्फ्रैन्स / रिफ्रैशर कोर्स / ओरियनटेशन कोर्स जो कि अध्यापकों एवं सहायक स्टाफ की उन्नति के लिए लाभदायक होते है। प्राध्यापक राज्य / राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार में भाग लेकर तथा हिपा एवं दूसरी संस्थाओं द्वारा आयोजित ट्रैनिंग प्रोग्राम में भी भाग लेकर लाभान्वित होते हैं। वर्ष 2016–17 में इस स्कीम के अर्न्तगत 100.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान था।

### 3. कमाये, जब आप शिक्षा पाए छात्रों के लिए योजना:–

वर्ष 2005–06 में जरुरतमंद विद्यार्थियों हेतु "कमाये, जब आप शिक्षा पाए" योजना शुरु की गई थी ताकि वे अपनी पढ़ाई को स्वयं अपने स्तर पर चालू रख सके। इस स्कीम से विद्यार्थियो मे आत्म विशवास एवं काम करने की लग्न और अपनी सभ्यता से जुड़े होने का अवसर भी प्रदान करती है। वर्ष 2016–17 में इस स्कीम के अन्तर्गत 130.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान था ।

### 4. प्रयोगशालाओं का उत्थान:–

वर्ष 2005–06 में राजकीय महाविद्यालयों में प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण तथा स्तरोन्नत करने के लिए एक योजना शुरु की गई थी। यह योजना उन छात्रों को लाभदायक सिद्ध हुई जो साईंस विषय तथा प्रायोगिक विषय पढ़ते हैं। वर्ष 2016–17 में इस स्कीम के

अन्तर्गत 150.00 लाख रुपये की राशि का प्रयोगशालाओ के आधुनिकीकरण तथा स्तरोन्नत के लिये प्रावधान करवाया गया।

5 विज्ञान प्रदर्शनी हेतू सहायताः–

यह स्कीम महाविद्यालय, जिला तथा राज्य स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए शुरु की गई थी। इस स्कीम से उन सभी विद्यार्थियो को जो विज्ञान और दूसरे प्रायोगिक विषय जैसे कि ज्योग्राफी, साईक्लोजी, कम्पयूटर साईंस विषयों में अध्ययन करते है, को लाभ होगा। वर्ष 2016–17 में इस स्कीम के अन्तर्गत 50.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान करवाया गया था ।

6 खेलकूद उत्थान योजनाः–

खेलों के स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य हेतु तथा विद्यार्थियों के राज्य / राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए यह योजना वर्ष 2005–06 में शुरु की गई थी। यह योजना उन छात्रों को भी सहायता प्रदान करती है जो ओलम्पिक में खेले जानी वाली खेलों के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। वर्ष 2016–17 में इस स्कीम के अन्तर्गत 110.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान था ।

7 राजकीय महाविद्यालयों के लड़कियों के लिए शैक्षणिक यात्रा / भ्रमणः–

लड़कियों के लिए शैक्षणिक यात्रा / भ्रमण के लिए एक नई स्कीम 2011–12 में आरंभ की गई। इस स्कीम में राजकीय महाविद्यालयो की छात्राओं को साहसिक / ऐतिहासिक भ्रमण करवाए जांते है। वर्ष 2016–17 में इस स्कीम के अन्तर्गत 50.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान था ।

8 राजकीय महाविद्यालयों के लड़को के लिए शैक्षणिक यात्रा / भ्रमणः–

लड़को के लिये शैक्षणिक यात्रा / भ्रमण के लिये एक नई स्कीम 2011–12 में आरंभ की गई। इस स्कीम के तहत राजकीय महाविद्यालयो के छात्रों को साहसिक / ऐतिहासिक भ्रमण करवाए जाते है। वर्ष 2016–17 में इस स्कीम के अन्तर्गत 50.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान था।

9 राजकीय महाविद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षाः–

दुनिया भर में उच्चतर शिक्षा के बदलते स्वरुप एवं कम्प्यूटर शिक्षा को रोजगार के सभी क्षेत्रो में प्राथमिकता बनते देख कम्प्यूटर शिक्षा प्रोग्राम को सभी सरकारी कालेजो में शुरु करने की जरुरत है, जहां सभी विद्यार्थी आई0 टी0 शिक्षा के मूलभूत तत्वों को सीखें और उनको ग्रहण करके अपनी शिक्षा के पूरी होने तक हर पल बढ़ते हुए आई0 टी0 के क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सके।

कुल 110 कॉलेजो में कम्प्यूटर प्रयोगशालाएं स्थापित कर चुके हैं। कम्प्यूटर एवं उससे संबंधित सभी उपकरण तथा फर्नीचर इत्यादि उपलब्ध करवाये गये है।

10_ उत्कृष्ट महाविद्यालयः–

राज्य के 31 राजकीय महाविद्यालयों को उत्कृष्ट महाविद्यालयों में परिवर्तित कर दिया गया हैं। अब इस स्कीम के तहत विभिन्न राजकीय महाविद्यालयो में इस वर्ष के अन्त तक 66 भाषा प्रयोगशालाएं क्रियाशील हो चुकी है। वर्ष 2016–17 में उक्त स्कीम मे 180.00 लाख रुपये की राशि आबंटित की गई ।

## अध्याय : पंचम

## पुस्तकालय

वर्तमान में राज्य में 110 राजकीय महाविद्यालयों के पुस्तकालयों के अतिरिक्त राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, अम्बाला छावनी एंव 19 जिला पुस्तकालय तथा 7 उप मण्डल पुस्तकालय सुचारु रुप से चल रहे हैं।

1. वर्ष 2016–17 में राजा राम मोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान कोलकता की मैचिंग ग्रांट स्कीम के तहत एक केन्द्रीय पुस्तकालय एंव 19 जिला पुस्तकालय तथा 7 उप मण्डल पुस्तकालय के लिये पुस्तकें, फर्नीचर आदि उपलब्ध करवाने के लिये राज्य सरकार से 30.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान किया गया तथा प्रतिष्ठान कोलकता से 60 प्रतिशत अंशदान के रुप में 45.00 लाख रुपये की राशि प्राप्त कर, कुल 75.00 लाख रुपये की राशि व्यय की गई। इसके अतिरिक्त रु0 17,000/– की ग्रांट द्वारका दास पुस्तकालय, चण्डीगढ को प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष 2016–17 में भी भेजी गई है। रिपोर्टाधीन अवधि में हरियाणा सरकार की ओर से सार्वजनिक पुस्तकालयों के सुदृढीकरण हेतु कुल 30,31,000/–रु0 की राशि प्रदान की गई है।
2. राज्य के 110 राजकीय महाविद्यालयों में स्थित पुस्तकालयों की सेवायें सुदृढ करने हेतु वर्ष 2016–17 में राजकीय महाविद्यालयों को 250.00 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है।
3. वर्ष 2016–17 मे 8 जिला पुस्तकालयों (पंचकूला, यमुनानगर, कैथल, पानीपत, रेवाडी, नूंह, झज्जर तथा फतेहाबाद) के स्टाफ की सैलरी इत्यादि हेतु बजट में 75.00 लाख रुपयें की राशि प्रदान की गई।

# अध्याय : छठा

## एन0 सी0 सी0 कैडिट/राष्ट्रीय सेवा योजना

1. 26 जनवरी 2017 को हुए गणतन्त्र दिवस में हर वर्ष की भांति हमारे 32 एन0 सी0 सी0 के कैडिटो ने परेड तथा प्रधानमंत्री रैली में भाग लिया। प्रत्येक कैडिट को एक प्रशस्ति पत्र, मोमेन्टो तथा 16,000/- रुपये नकद दिए गये।
2. ANOs के विभिन्न Allowance बढा दिए गए है जो कि 1 अप्रैल 2017 से प्रभावी होगें।
3. प्रदेश के इतिहास में 'Special NCC Cadets Incentive Scheme, Govt. of Haryana-NCC Cadets Protsahn Yojana' शुरु की गई है, जिसका कैडिट लाभ उठा रहे है।
4. राजकीय महाविद्यालय, घरौंडा (करनाल) में एन0 सी0 सी0 अकादमी स्थापित करने का माननीय मुख्य मन्त्री महोदय से अनुमोदन प्राप्त किया जा चुका है। तथा वित्त विभाग को बजट के प्रावधान बारे निर्माण शाखा द्वारा लिखा जा रहा है।
5. वर्ष 2016-17 में नॉन-प्लान पक्ष पर विभिन्न एन0 सी0 सी0 यूनिटस हेतु 16,52,10,000/- रुपये की राशि तथा 73,50,000/- रुपये की राशि प्लान पक्ष पर अलॉट की गई है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना एन0 एस0 एस0 के नाम से जानी जाती है। यह राष्ट्रीय सेवा योजना महात्मा गाँधी के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 से शुरु की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धान्त वाक्य अथवा प्रत्ययवचन है "मुझे नहीं आपको"। यह सिद्धान्त वाक्य प्रजातान्त्रिक ढ़ंग से रहने का सार बताता है, निःस्वार्थ सेवा की आवश्यकता का समर्थन करता है। वर्तमान में हरियाणा राज्य मे एन0 एस0 एस0 की 1051 युनिट्स (Grant-in aid-mode) कार्यरत है तथा Self finance mode मे लगभग 170 एन0 एस0 एस0 युनिट्स कार्य कर रही है। वर्ष 2016-17 हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्वान्त 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' तथा Cashless transactions awareness Programme' हैं।

एन0 एस0 एस0 योजना के प्रति छात्रों की प्रतिक्रिया बहुत शानदार रही है। वर्ष 2016-17 में छात्रों की संख्या निम्न प्रकार से है:-

| कमांक | वर्ष | इकाइयों की संख्या(Grant-in aid-mode) | विद्यार्थियों की संख्या | भारत सरकार द्वारा स्वीकृत बजट |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2016-2017 | 1051 | 105100 | 2,63,86,250/-(1st Installment) |

यह योजना महाविद्यालयों तथा विद्यालयों में चलाई जा रही है ।

गतिविधियां / उपलब्धियां

1. हरियाणा राज्य में कुल 1051 एन0 एस0 एस0 सहायतार्थ यूनिटें तथा लगभग 170 स्वंय वित्तिय यूनिटें हैं।
2. एन0 एस0 एस0 स्वयंसेवक / स्वयंसेविकाओं द्धारा 15000 यूनिट रक्त दान किया गया।
3. एन0 एस0 एस0 संस्थाओं द्धारा 18990 पौधे रोपण किये गयें।
4. एन0 एस0 एस0 संस्थाओं द्धारा सामाजिक कुरितियां जैसे दहेज प्रथा, तथा भ्रुण हत्या के खिलाफ व नशा विरोधी इत्यादि पर कार्यक्रम आयोजित किये गये।
5. प्लस पोलियों अभियान में 70,000 एन0 एस0 एस0 स्वयंसेवक / स्वयंसेविकाओं ने सहायता की।
6. विश्वविद्यालय के एन0 एस0 एस0 युनिट्स में दिनांक 26/11/2016 को "Constitution Day" पर कार्यक्रम आयोजित किये गये।
7. दिनांक 22/12/2016 से 28/12/2016 तक आई0 डी0 सी0 चण्डीगढ़ द्वारा दीनबंधु छोटुराम युनिवर्सिटी ऑफ साइंस एण्ड टैक्नालिजी, मूरथल, सोनीपत में आयोजित किये गये ओरियन्टेशन ट्रेनिंग कोर्स मे कार्यक्रम अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।
8. दिनांक 11/12/2016 से 17/12/2016 को चितकारा युनिवर्सिटी, बद्दी, सोलन (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित हुए NSS National Integration Camp में 10 स्वयंसेवक / स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।
9. दिनांक 31/03/2017 से 06/04/2017 तक Seven Star International School बानी, जिला हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित होने वाले National Integration Camp में 16 स्वंयसेवकों / स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।
10. वर्ष 2016–17 में हरियाणा राज्य की एन0 एस0 एस0 युनिटस् में कैशलेस ट्रांसैक्सन अवेयरनैस प्रोग्राम के तहत जागरुकता अभियान आयोजित किये गये।
11. हरियाणा राज्य में संचालित एन0 एस0 एस0 यूनिटस् में स्वच्छ भारत अभियान के अंर्तगत मुख्य रुप से विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोंगो को देश को स्वच्छ रखने हेतू जागरुक किया गया
12. एन0 एस0 एस0 युनिटस् द्वारा समय–समय पर Blood Donation Camps आयोजित किये गये व लोगों को रक्तदान के लिये जागरुक भी किया गया।
13. एन0 एस0 एस0 युनिटस् द्वारा समय–समय पर वातावरण को स्वच्छ व शुद्व बनाने हेतू पौधारोपन से संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।
14. स्लम्म एरिया व बस्तियों में जाकर स्वयंसेवकों / स्वयंसेविकाओं द्वारा वहां जाकर सफाई अभियान चलाया गया।
15. एन0 एस0 एस0 युनिटस् द्वारा Road safety campaign आयोजित किये गये व लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने बारे लोगों को जागरुक किया गया।
16. समय–समय पर बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ campaign के तहत लोगों को भ्रुण हत्या को रोकने के प्रति जागरुक किया गया व लड़कियों की शिक्षा पर जोर दिया गया।
17. पल्स पोलियो अभियान के तहत भी स्वयंसेवकों / स्वयंसेविकाओं द्वारा योगदान दिया गया।
18. Self Finance mode में काम कर रही लगभग 170 युनिटस् भी एन0 एस0 एस0 के अंर्तगत विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों व सफाई अभियानों का आयोजन करती है।
19. भारत सरकार से प्राप्त ग्रान्ट को एन0 एस0 एस0 युनिटस् में सात दिवसीय विशेष शिविर लगाने हेतू आबंटित कर दिया गया।

## अध्याय : सातवां

## राजकीय महाविद्यालयों की मुरम्मत तथा विविध निर्माण कार्यः–

वर्ष 2016–17 में राजकीय महाविद्यालयों के निर्माण कार्यो हेतु 110.00 करोड़ रुपये व राजकीय महाविद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के सुदृढीकरण एवं अनुरक्षण नामक स्कीम के तहत 2.00 करोड़ रुपये की राशि के बजट का प्रावधान किया गया। सरकार द्वारा वर्ष 2016–17 के दौरान राज्य में 22 नये राजकीय महाविद्यालय नामतः राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत, शहजादपुर (पंचकूला), उन्हानी (महेन्द्रगढ़) लोहारु (भिवानी) तथा राजकीय महाविद्यालय, रायपुर रानी (पंचकूला), राजकीय महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र, राजकीय महाविद्यालय, तरावडी तथा जुंडला (करनाल), राजकीय महाविद्यालय, रादौर तथा बिलासपुर (यमुनानगर), राजकीय महाविद्यालय, बडौली तथा मंडकौला (पलवल), राजकीय महाविद्यालय, नचौली तथा मोहना (फरीदाबाद), राजकीय महाविद्यालय, कांलावाली तथा रानियॉ (सिरसा), राजकीय महाविद्यालय, मानेसर (गुडगांव), राजकीय महाविद्यालय, छिलरो (महेद्रगढ़), अलेवा (जीन्द), चीका (कैथल), उकलाना तथा उगालन (हिसार) खोले जाने का अनुमोदन किया गया है। उक्त अंकित राजकीय महाविद्यालयों में से 16 राजकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण हेतु 12.00 करोड़ रु0 की राशि की प्रशासकीय स्वीकृति Normative basis पर जारी कर दी गई है इनके भवन निर्माण हेतु शिलान्यास भी किया जा चुका हैः–

| | |
|---|---|
| 1 | Govt. College, Manesar (Gurugram) (Women) |
| 2 | Govt. College for Women, Shehzadpur (Ambala) |
| 3 | Govt. College, Jundla (Karnal) |
| 4 | Govt. College, Kurukshetra |
| 5 | Govt. College, for Women, Kanina (Mahendergarh) |
| 6 | Govt. College, for Women Sonepat |
| 7 | Govt. College, Kalanwali (Sirsa) |
| 8 | Govt. College, Rania |
| 9 | Govt. College, Mohna (Faridabad) |
| 10 | Govt. College, Bilaspur (Yamuna Nagar) |
| 11 | Govt. College, Radaur (Yamuna Nagar) |
| 12 | Govt. College, Badoli (Palwal) |
| 13 | Govt. College, Nacholi (Tigaon) |
| 14 | Govt. College, Raipur Rani (Panchkula) |
| 15 | Govt. College, Mandkola (Palwal) |
| 16 | Govt. College, Taraori (Karnal) |

उक्त सम्पूर्ण 112.00 करोड़ रूपये की राशि नए राजकीय महाविद्यालयों के भवनों के निर्माण कार्य हेतु एवं महाविद्यालयों में वर्तमान मूलभूत सुविधाओं को स्तरोन्नत करने हेतु स्वीकृत की गई जिसकी सूचि सलंग्न है। मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं अनुरक्षण नामक स्कीम के तहत राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को महाविद्यालय में अपने स्तर पर निर्माण कार्य करवाने हेतु 20.00 लाख रूपये तक की राशि खर्च करने की शक्तियां प्रदान की गई।

परन्तु उक्त अतिरिक्त मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एंव अनुरक्षण नामक स्कीम के तहत वर्ष 2016--17 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट में अंकित करवाया जाना हैः–

| Sr. No. | Name of College | Name of the Work | Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | Govt. College, Israna (Panipat) | Special Repair of Seminar Hall, Boundary wall and White wash | 15,47,200/- |
| 2. | Govt. College Bound Kalan, Bhiwani | Const./Renovation of toilets Block Provision, Provision of internal E.I. Services, Provision of internal w/s and S.I. services @ 10% of building cost, provision of EI estate service, provision of | 11,96,000/- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | construction of boundary wall, provision of sewer connection, provision of septic tank, provision of mild steel gate 12 feet wide including primer and paint, provision of RCC water storage tank on roof top, Provision of cement concrete approach road, Provision of Earth filling for parking, provision of providing and lying 80mm thick interlocking tiles for parking, provision of corrugated asbestos sheet roofing 7mm thick with MS frame. | |
| 3. | Govt. College Tohana (Fatehabad) | 1) Construction/ Repair of Girls toilet | 1,82,000/- |
| | | 2) For Ground leveling in play portion | 4,95,000/- |
| 4. | Govt. College Sec. 1, Panchkula | 1) Construction of rain water harvesting system.<br>2) Renovation of Principal Office<br>3) Extension of Principal Office in the space between comm. Block and Admn. Block<br>4) Cover the space opposite Principal Office into waiting room and reception with aluminium work. | 19,92,840/- |
| 5. | Govt. College for women Panchkula | Construction of basketball court KW 2/7-2016 w (1) dated 10.11.2016 | 16,00,000/- |
| 6. | Govt. College Saha (Ambala) | Earth filling of playground 2/15-2012 w(1) dated 18.11.2016 | 15,41,143/- |
| 7. | Govt. College, Gohana (Sonepat) | A special repair of toilet Additions Alterationa and providing RCC Roofing on existing cycle stand in the campus. | 20,00,000/- |
| 8. | Govt. College for Women Sampla (Rohtak) | Raising of Boundary Wall with barbed Fencing on top of Boundary wall. | 19,62,000/- |
| 9. | Govt. College Bhiwani | ForSpecial Repairs of the labs/rooms and Addition/ Alterations in the campus. | 20,00,000/- |
| 10. | GCW Hisar | Periodic repair. | 19,95,000/- |
| 11. | G.C. Karnal, Gohana, Barota (Gohana), Kharkhoda, Ghraunda & GCW Karnal, | Installation of Voltaic power plant | 18,80,000/- |
| 12. | GC Matlodha and GC Sector 18, Panipat | Installation of Voltaic power plant | 11,36,000/- |
| | | Total Amount | 1,95,27,183/- |

## ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन

मानव संसाधन विकास मंत्रालय दिल्ली ने **उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा** को ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन के कार्य हेतु स्टेट कॉओर्डिनेशन एजेंसी नियुक्त किया है । पूरे हरियाणा राज्य के कार्य को स्टेट कॉओर्डिनेशन एजेंसी कर रही है ।

## चौकसी विभाग से सम्बन्धित सूचना

उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा की रिपोर्टाधीन अवधि में चौकसी विभाग से सम्बन्धित सूचना शून्य है ।

******